अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

# दृष्टि IAS / PCS ACADEMY

at a glance...

# DAILY CURRENT Analysis

## TOP 10 NEWS With MCQs

## 02 Feb. 2023

IAS | PCS
BANK | SSC
RAILWAY
S-TET | UPSI
STATE EXAMS

**प्रमुख बिन्दु**

- राष्ट्रीय समाचार
- अंतर्राष्ट्रीय समाचार
- खेल-कूद
- पुरस्कार/सम्मान
- महत्वपूर्ण दिवस
- बैंकिंग व अर्थव्यवस्था
- नव नियुक्तियाँ
- निधन
- विज्ञान व प्रौद्योगिकी
- विविध घटनाएँ

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza,
Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

1. **आंध्र प्रदेश की नई राजधानी विशाखापत्तनम को बनाया जाएगा**




- मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी 31 जनवरी 2023 को घोषणा की है कि विशाखापत्तनम आंध्र प्रदेश की नई राजधानी होगी।
- इससे पहले आंध्र प्रदेश की नई राजधानी के लिए तीन विकल्पों पर विचार किया गया।
- इनमें कुरनूल और मौजूदा राजधानी अमरावती भी शामिल थी।
- विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश का सबसे बड़ा और सबसे अधिक आबादी वाला शहर है।
- तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई के बाद यह भारत के पूर्वी तट पर स्थित दूसरा सबसे बड़ा शहर है।

2. **अवनी चतुर्वेदी विदेशी धरती पर युद्धाभ्यास में लड़ाकू विमान उड़ाने वाली पहली महिला बनी**



- भारत की पहली महिला फाइटर पायलट अवनी चतुर्वेदी जिन्होंने जापान के हयाकुरी एयरबेस मे आयोजित "वीर गार्जियन युद्धाभ्यास" में हिस्सा लिया एवं पहली बार विदेशी धरती पर सुखोई लड़ाकू विमान उड़ाने वाली पहली महिला बनने का इतिहास रचा है।
- वीर गार्जियन युद्धाभ्यास 16 जनवरी से लेकर 26 जनवरी तक जापान के हयाकुरी एयर बेस और इरुमा एयर बेस पर होगा.
- भारतीय वायुसेना की तरफ से इस युद्धाभ्यास में 4 सुखोई-30MKI, दो C-17 विमान जबकि जापान की तरफ से चार एफ-2 और चार एफ-15 लड़ाकू विमान.शामिल हुए।

3. **हरमनप्रीत कौर को बनाया स्पोर्ट्स ब्रांड प्यूमा इंडिया ने ब्रांड एंबेसडर**




- स्पोर्ट्स ब्रांड प्यूमा इंडिया ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को अपने नए ब्रांड एंबेसडर के रूप में शामिल किया है।
- उन्हें एक सामाजिक प्रयोग में शामिल किया गया, जिसने खेलों में लैंगिक धारणा के प्रति देश की समग्र मानसिकता को उजागर किया।
- ब्रांड ने एक खिलाड़ी के स्टंप्स पर पोजिशन लेते हुए एक गुप्त टीज़र वीडियो पोस्ट किया था और दर्शकों को अपने अगले ब्रांड एंबेसडर का अनुमान लगाने के लिए कहा था।

**हरमनप्रीत कौर**

- दुनिया में चौथी सबसे तेज महिला टी20 शतक का रिकॉर्ड है और महिला टी20 में भारत की एकमात्र शतकवीर भी हैं।
- हरमनप्रीत कौर ने क्रिकेट में अपना डेब्यू 20 साल की उम्र में वर्ष 2009 किया था।

4. **डच खिलाड़ी अनीश गिरी ने 'टाटा स्टील मास्टर्स 2023' जीता**




- डच खिलाड़ी अनीश गिरी ने रिचर्ड रैपॉर्ट पर 5 अपनी जीत के साथ 2023 टाटा स्टील चेस टूर्नामेंट जीता, पांच बार उपविजेता के रूप में इवेंट को समाप्त करने के बाद सुपर-टूर्नामेंट में यह उनकी पहली जीत है।
- इस टूर्नामेंट की जीत जॉर्डन वैन फॉरेस्ट की टूर्नामेंट के लीडर जीएम नोदिरबेक अब्दुस्सत्तोरोव की हार से संभव हुई, जिन्होंने 18 साल की उम्र में अधिकांश इवेंट को लीड किया और दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी जीएम मैग्नस कार्लसन को हराया।

5. **मध्य प्रदेश सरकार द्वारा 'लाडली बहना' योजना प्रारंभ की**




- मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सीहोर जिले के बुधनी में 'लाडली बहना' योजना शुरू करने की घोषणा की है।
- उन्होंने कहा की लाडली बहनों को प्रतिमाह एक हजार रुपये दिए जाएंगे, साथ ही कहा की बुधनी में 400 करोड़ रुपये की लागत से भव्य मेडिकल कॉलेज बनेगा, जिसका शिलान्यास जल्द ही होगा।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि हम लाडली लक्ष्मी योजना की तर्ज पर सभी वर्गों के निम्न और मध्यम वर्ग की गरीब महिलाओं के लिए लाडली बहना योजना शुरू करेंगे।
- उन्होंने कहा कि हमारी बहनों को 1,000 रुपये प्रति माह यानी 12,000 रुपये प्रति वर्ष की राशि दी जाएगी।

6. **इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन द्वारा पहली बार एविएशन गैस का निर्यात**



- भारत अपने इतिहास में पहली बार पेट्रोलियम का निर्यात करेगा।
- इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने विमानन ईंधन का निर्यात शुरू कर दिया है, जिसकी जरूरत छोटे विमानों और मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी) को उड़ाने के लिए होती है।
- इस विमान गैस का नाम एवी गैस 100 एलएल (AV Gas 100 LL) है।
- भारत पेट्रोलियम निर्यात की शुरुआत के साथ अनुमानित $2.7 बिलियन के वैश्विक बाजार में प्रवेश किया है।
- पहली बार इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन ने 80 बैरल एविएशन गैस का पहला माल जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट (JNPT) से पापुआ न्यू गिनी के लिए भेजा गया।
- कंपनी का दावा है कि प्रत्येक बैरल में 16 किलोलीटर एविएशन गैस की क्षमता है।

7. **आर्थिक सर्वेक्षण-2022-23 जारी**




- आर्थिक सर्वेक्षण एक प्रमुख वार्षिक दस्तावेज है जो भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति की समीक्षा करता है।
- बजट पेश किए जाने से एक दिन पहले यह सर्वे संसद में पेश किया जाता है।
- Budget 2023 वित्त मंत्री के रूप में Nirmala Sitharaman का लगातार 5वां बजट होगा।

**आर्थिक सर्वेक्षण**

- देश का पहला आर्थिक सर्वेक्षण 1950-51 में पेश किया गया था।
- 1964 से पहले ये बजट का हिस्सा होता था, लेकिन इसे अलग कर दिया गया और बजट से एक दिन पहले जारी किया जाने लगा।
- आर्थिक सर्वेक्षण वित्त मंत्रालय द्वारा जारी की गई एक वार्षिक रिपोर्ट है।
- यह पिछले एक साल में देश के आर्थिक प्रगति और प्रदर्शन का लेखा-जोखा होता है।
- आर्थिक सर्वेक्षण में अर्थव्यवस्था से जुड़े सभी मुख्य आंकड़े पेश किए जाते हैं।

8. **संयुक्त राष्ट्र महासभा के 77वें सत्र के अध्यक्ष साबा कोरोसी ने की भारत की यात्रा**



- संयुक्त राष्ट्र महासभा के 77वें सत्र के अध्यक्ष साबा कोरोसी 29 से 31 जनवरी तक भारत दौरे पर रहे हैं।
- संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष की यह किसी भी देश की पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी। हंगरी के राजदूत साबा कोरोसी ने सितंबर, 2022 में UNGA की अध्यक्षता ग्रहण की थी।

**संयुक्त राष्ट्र महासभा**

- महासभा संयुक्त राष्ट्र का महत्त्वपूर्ण अंग है। यह विचार-विमर्श, नीति-निर्धारण जैसे कार्यों के लिये उत्तरदायी है।

- प्रतिवर्ष सितंबर में संयुक्त राष्ट्र के सदस्यों की वार्षिक महासभा का आयोजन न्यूयॉर्क के जनरल असेंबली में किया जाता है।
- महासभा के अध्यक्ष को प्रत्येक वर्ष महासभा द्वारा एक वर्ष के कार्यकाल के लिये चुना जाता है।
- मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहिद को वर्ष 2021-22 के लिये यूएनजीए के 76वें सत्र अध्यक्ष चुने गए थे।
- यूएनजीए ने एंटोनियो गुटेरेस को 1 जनवरी, 2022 से शुरू होने वाले और 31 दिसंबर, 2026 को समाप्त होने वाले दूसरे कार्यकाल के लिये नौवें संयुक्त राष्ट्र महासचिव (UNSG) के रूप में नियुक्त किया है।

**9. भारत के जी-20 शेरपा अमिताभ कांत ने 'मॉडल जी-20 शिखर सम्मेलन' का किया उद्घाटन**




- भारत के G-20 शेरपा अमिताभ कांत ने 30 जनवरी को मुंबई के रामभाऊ म्हालगी प्रबोधिनी के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेटिक लीडरशिप द्वारा आयोजित भारत के पहले मॉडल G-20 शिखर सम्मेलन का उद्घाटन किया।
- दो दिवसीय मॉडल जी-20 शिखर सम्मेलन का आयोजन भारत की अध्यक्षता का जश्न मनाने और जी-20 के विचार को युवाओं तक ले जाने के लिए किया गया है।
- डॉ विनय सहस्त्रबुद्धे, भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) के अध्यक्ष और रामभाऊ म्हालगी प्रबोधिनी के उपाध्यक्ष ने उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता की।

**10. केंद्र सरकार ने निजी TV चैनलों को लोक महत्व की सामग्री साझा करने की दी इजाजत**



- सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय (एमआईबी) ने एक परामर्श में यह भी कहा कि सार्वजनिक सेवा प्रसारण सामग्री लगातार 30 मिनट की नहीं होनी चाहिए और इसे छोटे समय (कुछ मिनट) के स्लॉट में तैयार किया जा सकता है।
- केंद्र सरकार ने 30 जनवरी 2023 को छूट देते हुए कहा कि निजी प्रसारकों द्वारा प्रसारित 30 मिनट की दैनिक अनिवार्य सार्वजनिक सेवा को अन्य टेलीविजन चैनलों द्वारा प्रसारित कार्यक्रमों में शामिल किया जा सकता है।
- परामर्श में कहा गया, विज्ञापन के अंतराल के बीच लोक महत्व से जुड़ी सामग्री जिस अवधि के लिए प्रसारित की जाती है, उस पर वाणिज्यिक विराम के लिए निर्धारित 12 मिनट की समय सीमा लागू नहीं होती।
- निजी प्रसारकों को प्रसारण सेवा पोर्टल पर मासिक रिपोर्ट पेश करनी होगी।

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

1. मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी द्वारा आंध्र प्रदेश की नई राजधानी किसे बनाने की घोषणा की गई है?
   (a) विशाखापत्तनम
   (b) अमरावती
   (c) गुंटूर
   (d) कुरनूल
2. जापान मे आयोजित पहले "वीर गार्जियन युद्धाभ्यास" में लड़ाकू विमान उड़ाने वाली पहली भारतीय महिला फाइटर पायलट कौन है?
   (a) अवनी चतुर्वेदी
   (b) मेघा भारद्वाज
   (c) मीना रानी
   (d) कुमारी सुलेखा
3. हाल ही मे स्पोर्ट्स ब्रांड प्यूमा इंडिया ने किस महिला क्रिकेटर को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है?
   (a) हरमनप्रीत कौर
   (b) सौम्या तिवारी
   (c) स्मृति मंधाना
   (d) इनमे से कोई नही
4. हाल ही में हुआ शतरंज का टूर्नामेंट 'टाटा स्टील मास्टर्स 2023' का विजेता कौन है?
   (a) सुरेश पचौरी
   (b) रवीद्र प्रज्ञानानंद
   (c) अनीश गिरी
   (d) इनमे से कोई नही
5. हाल ही में किस राज्य द्वारा महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपये प्रदान करने की 'लाडली बहना' योजना प्रारंभ करने की घोषणा की गई है?
   (a) गुजरात
   (b) चेन्नई
   (c) मध्य प्रदेश
   (d) उड़िशा
6. हाल ही मे इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन द्वारा पहली बार एविएशन गैस का निर्यात किसे किया गया है?
   (a) पापुआ न्यू गिनी
   (b) मॉरीशस
   (c) ऑस्ट्रेलिया
   (d) कनाडा
7. आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23 के अनुसार वर्ष 2023-24 में भारत की आर्थिक विकास दर कितनी अनुमानित की गई है?
   (a) 5.3%
   (b) 7.4%
   (c) 6.5%
   (d) 8.7%
8. संयुक्त राष्ट्र महासभा के 77वें सत्र के अध्यक्ष साबा कोरोसी किस देश से संबंधित है?
   (a) जापान
   (b) साउथ अफ्रीका
   (c) USA
   (d) हंगरी
9. भारत के पहले 'मॉडल जी-20 शिखर सम्मेलन' का उद्घाटन किसके द्वारा किया गया है?
   (a) नरेंद्र मोदी
   (b) अमित शाह
   (c) पीयूष गोयल
   (d) अमिताभ कांत
10. हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा कितनी अवधि के लिए निजी TV चैनलों को लोक महत्व की सामग्री साझा करने की मंजूरी प्रदान की गई है?
   (a) 12 मिनट
   (b) 18 मिनट
   (c) 30 मिनट
   (d) 45 मिनट

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | (a) | (a) | (c) | (c) | (a) | (c) | (d) | (d) | (c) |